हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

13 संवेदनशील होकर चिंतन युक्त शाश्वत साहित्य की रचना करना साहित्यकार का दायित्वः डा. मनोज



14 लगन व ईमानदारी से पीड़ित को तत्पर न्याय दिलाने में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करे कर्मचारीः डा. गुप्ता



dk Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 16500 - 20000
प्रति वर्ग गज से शुरू
9467141575
Website : www.dkrealestate.co.in Dinesh Kumar dkrealestaterewari YouTube DK Real Estate

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी का मोबाइल छीनकर युवक फरार

**बावल।** बावल में बाइक सवार युवक कंपनी में ड्यूटी पर जा रहे व्यक्ति का मोबाइल छीनकर फरार हो गए। मूलरूप से सवाई माधोपुर राजस्थान निवासी बावल में रेलवे फाटक के पास रहने वाले पिंटू ने बावल थाना पुलिस को बताया कि वह बावल में होलिस्टर कंपनी में नौकरी करता है। 23 मार्च को रात करीब 9 बजे वह पैदल ड्यूटी पर जा रहा था। जब वह कृषि कॉलेज के सामने पहुंचा तो अचानक एक बाइक पर आए तीन युवक उसका मोबाइल फोन छीन ले गए। जब उसने उनका पीछा किया तो सड़क पर गिरने से उसे काफी चोटें आई। आरोपियों की मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### प्राइवेट स्कूल से डीवीआर व कैश चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा स्थित प्राइवेट स्कूल में चोरी हो गई। सेक्टर-4 रेवाड़ी निवासी इन्द्र कुमार ने धारूहेड़ा में ब्राइट शाइन स्कूल खोला हुआ है। 22 मार्च की रात स्कूल से चोरी हो गई। चोर स्कूल के कमरों के ताले तोड़कर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर, हार्डडिस्क और 35000 कैश चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी ने मारी टक्कर चालक सहित तीन घायल

**जाटूसाना।** बस अड्डे जाटूसाना से पैदल ढाणी जा रहे व्यक्ति को स्कूटी चालक ने टक्कर मार दी, जिससे व्यक्ति सहित स्कूटी पर सवार दो लोग भी घायल हो गए। जाटूसाना निवासी संदीप ने पुलिस को बताया कि वह शाम करीब 7:30 बजे अपने घर से घूमने के लिए गया था, जब वह बस अड्डे से वापस पैदल घर जा रहा था तो पीछे से स्कूटी चालक ने तेज रफ्तार से उसको टक्कर मार दी, जिससे उसे सड़क पर गिरने से काफी चोटें आई। स्कूटी चालक व उसके साथ बैठे युवक को भी चोटें आई। स्कूटी ने अपना नाम सतीश गांव परखोत्तमपुर बताया। तीनों घायलों को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोहड़ाई से प्लाट में खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव रोहड़ाई में प्लाट में खड़ी बाइक को चोर चुरा ले गए। गांव निवासी नरेन्द्र सिंह ने रोहड़ाई थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19-20 मार्च की रात को उसने अपनी बाइक प्लाट में खड़ी की थी। जब सुबह देखा तो वहां से बाइक गायब थी। अपने स्तर पर तलाश करने पर जब बाइक नहीं मिली हो उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### ऑटो वर्क्स पर रिसेल के लिए खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** धारूहेड़ा में ऑटो वर्क्स पर खड़ी बाइक चोरी हो गई। गांव राजपुरा आलमगीर निवासी अशोक कुमार ने धारूहड़ा सेक्टर-6 थाना पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुरानी बाइक बाबा ऑटो वर्क्स पर रिसेल के लिए खड़ी की थी और नई बाइक परेचेज की थी। 21 मार्च को शाम करीब 4:15 बजे उसकी पुरानी बाइक ऑटो वर्क्स से चोरी हो गई। आरसी व इंश्योरेंस सहित सभी कागजात बाइक में ही रखे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोमवार को हैफेड ने 360 किसानों से 7 हजार क्विंटल सरसों खरीदी, कोसली में आज शुरू होगी सरकारी खरीद

# सरसों आवक बढ़ने से अनाजमंडी के बाहर लगी ट्रैक्टरों की लंबी कतार, मुख्य गेट पर बनी जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

सोमवार को अनाजमंडी के बाहर सुबह से ही सरसों से भरे ट्रैक्टर-ट्रालियों की करीब एक किलोमीटर तक लंबी कतार लगी रही। ट्रैक्टरों की कतार दोपहर तक लगी रही। पूरे दिन अनाजमंडी के मुख्य गेट पर जाम की स्थिति बनी रही, जिसके कारण मार्केट कमेटी की ओर से भाड़ावास साइड का एक गेट खोलना पड़ा।

सोमवार को अनाजमंडी के सचिवालय साइड व ब्रास मार्केट साइड दोनों गेटों पर गेटपास काटे गए, लेकिन ब्रास मार्केट के गेट पर किसानों की ज्यादा भीड़ रही। अनाजमंडी में सरसों की आवक बढ़ती जा रही है। खरीदी गई सरसों का उठान भी किया जा रहा है, लेकिन फड पर सूखती सरसों के कारण जगह की कमी होने लगी है। सोमवार को मार्केट कमेटी की ओर से 360 किसानों के गेटपास काटे गए तथा हैफेड की ओर से शाम तक 7000 क्विंटल सरसों खरीदी गई। हैफेड की ओर से अभी तक 6 दिनों में 870 किसानों से 16349 क्विंटल सरसों की 5950 रुपये एमएसपी पर खरीद की जा चुकी है। हैफेड की ओर से 8 प्रतिशत तक नमी की सरसों की खरीद की जा रही है। इसके अलावा आढ़तियों के माध्यम से ओपन में सरसों बेचने के लिए भी काफी किसान आ रहे है। ओपन में सरसों का भाव 5400 से 6000 प्रति क्विंटल चल रहा है। ओपन में अब तक करीब 20 हजार क्विंटल से अधिक सरसों बेची जा चुकी है। सोमवार को बावल व कोसली में सरसों की आवक शुरू हो गई। जिले की रेवाड़ी, बावल व कोसली अनाजमंडी में सरसों के साथ गेहूं के लिए खरीद केंद्र बनाए गए है।

गेहूं की एमएसपी पर खरीद एक अप्रैल से की जाएगी। सोमवार को सरसों की आवक और भी तेज होने से अनाजमंडी में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। फड पर जगह नहीं होने के कारण किसानों की सरसों सड़क पर भी डाली जा रही है। इसके अलावा सरसों खाली करने के बाद सड़क पर ट्रैक्टर खड़े रहने से भी अव्यवस्था फैलनी शुरू हो गई है। अनाजमंडी के मुख्य गेट पर अव्यवस्था फैलने से बाहरी रोड पर भी असर पड़ रहा है। प्रति वर्ष खरीद के समय पुलिस की ज्यादा व्यवस्था होती है। इस बार कर्मचारी कम रहने से उनको ज्यादा मशक्कत करनी पड़ रही है।



रेवाड़ी। अनाजमंडी के फड़ पर लगी सरसों की ढेरियां व बनी जाम की स्थिति।



रेवाड़ी। अनाजमंडी में सरसों की ढेरिया बनाते मजदूर। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी के बाहर लगी ट्रैक्टरों की कतार। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। किसानों की सरसों की नमी जांच करते हैफेड कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### आवक बढ़ने से अब पैदा होगी समस्या

अनाजमंडी में हैफेड की ओर से एक दिन में नमी के निर्धारित मापदंड के अनुसार ही एक किसान की 25 क्विंटल सरसों की खरीद की जा रही है। अनाजमंडी में प्रति वर्ष लिफ्टिंग की भारी समस्या पैदा हो जाती है। सोमवार को अनाजमंडी में आवक ज्यादा होने से ट्रैक्टरों की कतार लगी रही। आडे-तिरछे ट्रैक्टर खड़े होने से अन्य वाहन चालकों को निनलने में परेशानी उठानी पड़ी। दिन-प्रतिदिन बढ़ी सरसों की से आगामी दिनों में ज्यादा परेशानी होगी, इसके लिए खरीदी गई फसल का समय पर उठान किए जाने की जरूरत है।

### कोसली में आज से शुरू होगी खरीद

कोसली अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो चुकी है। मार्केट कमेटी के सचिव नरेंद्र यादव ने बताया कि पांच दिन में अनाज मंडी में 15345 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है तथा किसानों को 777 टोकन पास जारी किए गए हैं। सोमवार को आढ़तियों के कुछ मसलों पर बातचीत करने पहुंची सरसों खरीद करने वाली एजेंसी हरियाणा राज्य वेयरहाउसिंग कारपोरेशन की डीएम रेखा मलिक ने बताया कि बारदाने पर मार्का व सिक्योरिटी को लेकर कुछ समस्या थी, जिसे लेकर आढ़तियों से बातचीत हुई है। आढ़तियों ने मार्का की बजाए टैग लगाने तथा सिक्योरिटी के चैक देने की बात रखी है। दोनों ही मसलों पर आपसी सहमति हो गई है। मंगलवार से सरसों की खरीद शुरू हो जाएगी। डीएम के अनुसार वेयरहाउस की ओर से सरसों की खरीद एनसीसीएफ के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर एनसीसीएफ के प्रतिनिधि रसपाल सिंह, वेयरहाउस के खरीद अधिकारी नवल सिंह, मंडी एसोसिएशन के दिनेश गोयल, प्रमोद गर्ग व अजय सिंगला सहित मंडी के अनेक आढ़ती मौजूद थे।

# जिला पुलिस के नौ पुरुषों व दो महिला एएसआई के कंधों पर बढ़ी जिम्मेदारी, लगे एसआई के स्टार

- एसपी डा. मयंक गुप्ता बाले कंधों पर स्टार लगने के साथ ही बढ़ी जिम्मेदारी
- अधिक मेहनत व लगन से कार्य करें पुलिस अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक डा. मयंक गुप्ता ने जिला पुलिस के 9 पुरुषों व 2 महिला एएसआई को एसआई के पद पर पदोन्नत होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, इसलिए सभी और अधिक मेहनत और लगन से अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन कर समाज सेवा का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करें। डयूटी के दौरान आम आदमी के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए, जबकि गैरकानूनी धंधा करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाए। पुलिस की नौकरी समाज सेवा का एक बेहतरीन माध्यम है। पुलिस कप्तान डा. गुप्ता ने कहा कि अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त भागीदारी बहुत महत्व रखती है। ड्यूटी के दौरान आमजन के साथ मधुर संबंध स्थापित कर अपने कर्तव्य का बेहतर ढंग से निर्वहन कर विभाग की छवि के लिए कार्य करें। पदोन्नति पाने वालों में डहीना चौकी से एएसआई राजकुमार, नाहड़ चौकी से एएसआई सुरेन्द्र, सीआईए धारूहेड़ा से एएसआई शिव कुमार, जगन गेट चौकी इंचार्ज एएसआई योगेश कुमार, सीआईए धारूहेड़ा से एएसआई देवेन्द्र सिंह, रीडर डीएसपी सिटी एएसआई कर्ण सिंह, थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा से एएसआई सुनील कुमार, आईजीपी साउथ रेंज ऑफिस से एएसआई रजनीश, एएसआई राजेन्द्र कुमार, बावल थाना से महिला एएसआई सुमन व महिला एएसआई बालवती के नाम शामिल है।



रेवाड़ी। एसआई बने पुलिस अधिकारी एसपी डा. मयंक गुप्ता के साथ। फोटो :हरिभूमि

# नाहड़ कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन, लिपिका बनी बेस्ट वॉलेंटियर

- सभी स्वयं सेविकाओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नाहड़

राजकीय महाविद्यालय नाहड़ के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. सूर्यपाल थे, जबकि अध्यक्षता तमन्ना एमडी महावीर पाइप ने की। एनएसएस प्रभारी प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने योग का सेशन किया। प्रिया एवं अंतिम ने सभी को योगाभ्यास कराया। धनवंती की टीम ने ग्रुप नृत्य किया। करिश्मा ने देशभक्ति गीत सुनाया। एनएसएस प्रभारी ने एनएसएसगतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। समापन समारोह के दौरान पौधरोपण किया गया। सभी स्वयं सेविकाओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिए गए। कैंप में बेस्ट वॉलेंटियर लिपिका व बेस्ट कैंपर प्रिया रही। पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता व मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डा. सुषमा सहायक प्राध्यापिका अशोक साईं प्रोफेसर, जितेंद्र, डा.अशोक सहायक प्रोफेसर, जितेंद्र आर्य, प्रोफेसर दीपिका व जगमोहन सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। कैंप के सामपन पर पौधरोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### दो दिन से लगातार बढ़ रहा दिन का तापमान, अब रात के समय ठंड का असर भी गायब

# तल्ख होने लगे मौसम के तेवर, पसीने छुड़ाने लगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मार्च माह के अंत में ठंड की विदाई के साथ ही गर्मी ने दस्तक दे दी है। दिन का तापमान तीन दिन से लगातार बढ़ रहा है। सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा है, जिसके अभी और बढ़ने के आसार हैं। रात के समय ठंड का असर भी तापमान बढ़ने से गायब हो गया है। मौसम में जल्द बदलाव की उम्मीद नहीं है, जिस कारण अब गर्मी पसीने छुड़ाना शुरू कर देगी। गत वर्ष की तुलना में इस बार अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा बना हुआ है। बीते साल 24 मार्च को अधिकतम तापमान 29.5 और न्यूनतम 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार को दिन का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.0 डिग्री पर पहुंच गया। रात का तापमान भी 1.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 13.0 डिग्री दर्ज किया गया। 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। हवा में नमी का स्तर कम होकर 36 फीसदी तक आ गया है। गर्मी बढ़ने के साथ नमी और कम हो जाएगी। अभी तक रात के समय मौसम ठंडा बना रहता था, परंतु अब रात भी गर्म होनी शुरू हो गई हैं। तापमान में वृद्धि के बाद सुबह के समय भी गर्म कपड़ों से छुटकारा मिल गया है। पंखों और एसी के चलने का सिलसिला शुरू हो गया है। घरेलू क्षेत्र में बिजली की खपत बढ़ने लगी है। कृषि क्षेत्र में खपत होने के कारण अभी पावर कटों की नौबत नहीं आने लगी है। अगले एक सप्ताह तक आसमान साफ रह सकता है। बरसात और बूंदाबांदी की अभी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। तापमान में अभी और वृद्धि होने की संभावना है।



रेवाड़ी। धूप से बचाव के साथ बावल रोड से जाती युवतियां। फोटो :हरिभूमि

### शीतल पदार्थों का बाजार गरमाने लगा

तापमान बढ़ने के कारण दोपहर तक मौसम का मिजाज काफी गर्म होना शुरू हो गया है। गर्मी के साथ ही शीतल पदार्थों का बाजार गरमाना शुरू हो गया है। सड़क किनारे गन्ने के जूस की रेहड़ियां लगने लगी हैं। नारियल पानी की डिमांड भी बढ़ रही है। आइस कैंडी व आइसक्रीम की बिक्री भी बढ़ने लगी है। जगह-जगह नींबू की शिकंजी की दुकानें खुलने लगी हैं। सीजनल धंधा करने वाले लोगों के लिए मौसम का गर्म मिजाज सुहाना साबित होने लगा है।

### फसल निकालने का कार्य भी हुआ तेज

मौसम गर्म होने के बाद सरसों की पछेती फसल भी कटाई के लिए तैयार हो चुकी है। अगेती सरसों की कटाई के बाद फसल निकालने का कार्य तेजी से चल रहा है। सरसों के साथ गेहूं की कटाई भी शुरू हो चुकी है। गेहूं की पछेती फसल में अभी भी सिंचाई की दरकार है। इसकी कटाई शुरू होने में समय लगेगा। सरसों की 70 फीसदी तक फसल कटाई होने का अनुमान है। मौसम साफ रहने से फसल कटाई और निकालने का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

### रास्ता रोककर स्कूल संचालक से मारपीट

**बावल।** नंगली परसापुर के पास प्ले स्कूल संचालक का रास्ता रोककर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीदावास निवासी मनोज कुमार ने पुलिस बयान में बताया कि वह प्ले स्कूल का संचालक है। बाइक लेकर वह नंगली परसापुर से अपने गांव जा रहा था। उसने आरोप लगाया कि थार गाड़ी में सवार उसी के गांव के अंकुश, मनदीप व महेश ने गाड़ी आगे लगाकर उसकी बाइक रुकवा ली। इन लोगों ने उसे बात करने के लिए एक ओर चलने को कहा। करीब 200 मीटर दूर ले जाकर इन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। वह किसी तरह इन लोगों के चंगुल से बचा। इसके बाद उसने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। मनोज ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने बाद में उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी।

हरिभूमि
# सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष



चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

## मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ
डॉ. मोनिका शर्मा

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

### प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।

### सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।



असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।



### ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

### बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

### अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है।

## देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य
अनीता जैन, वास्तुविद



देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।

**कलशः** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसनः** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षतः** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दीः** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपकः** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियलः** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूपः** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोगः** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है।

डाइट सजेशन
अंशु चौहान, डाइटीशियन

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

## व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



### इन्हें करें डाइट में शामिल



व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।

**प्रोटीन-फाइबर्सः** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

**सुबह-दोपहर में क्या लेंः** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।



**डिनर में क्या लेंः** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं।

प्रस्तुतिः संध्या रानी

मेकअप
सरिता गुप्ता

## मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंगः** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेडः** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशनः** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूजः** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

**आईशैडोः** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिकः** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है।

(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?

## एकल नारी भी है सम्मान की हकदार




बदले दृष्टिकोण
एकता शर्मा

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।

**हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझतेः** एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

**जीने का समान अधिकारः** एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?



**मिले निजता को सम्मानः** हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा।

## खबर संक्षेप

### आम नागरिकों को कम खर्च में मिलता है न्याय

रेवाड़ी जिला न्यायिक परिसर में दस मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा किया जाएगा।


सीजेएम अमित वर्मा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि लोक अदालत में आम नागरिकों को कम खर्च में जल्दी सुलभ न्याय मिलता है। इसलिए जिन लोगों के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक मामले, मोटर व्हीकल एक्ट, बैंक रिकवरी, राजस्व, बिजली वितरण निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, बीमा कंपनी व सहकारी समितियों से संबंधित विवाद न्यायालय में लंबित चले आ रहे हैं।

### मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**मंडी अटेली।** जिला कंट्रोलर अधिकारी प्रशांत कुमार ने अटेली शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। मेडिकल दुकानों में हड़कंप की स्थिति बन गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने मेडिकल स्टोर संचालकों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अधिकारी प्रशांत कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी मेडिकल स्टोरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाना अनिवार्य है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था व प्रतिबंधित दवा की बिक्री के रोक को सुदृढ़ किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर बंद पाए गए, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मेडिकल संचालकों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में बिना डॉक्टर की पर्ची के दवाइयां न बेची जाएं।

### बस हादसे के पीड़ितों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**कनीना।** कनीना खंड के के ग्रामीणों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम कार्यालय के उपाधीक्षक को सौंपा। जिसमें उन्होंने बीते वर्ष उन्हाणी के समीप घटित स्कूल बस हादसे का जिक्र करते हुए न्याय की मांग की। जिला पार्षद अजीत सिंह, राजकुमार, महेश कुमार, चिमन लाल, उमेशए काला, रविंद्र सिंह, राजपाल, महेंद्र सिंह, देवकरण, राहुल, नवल किशोर ने कहा कि कनीना के नवनिर्वाचित पार्षद राजेंद्र सिंह को भाजपा में शामिल कर लिया। जिससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं।

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**भिवानी।** जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने गोष्ठी का आयोजन करवाया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने शिरकत की तथा विशेष तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने की। इस मौके पर मुख्यतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लोकतंत्र की मजबूती और प्रशासनिक लागत में कमी का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से विकास कार्यों में बाधा आती है।

---

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से विचार एवं काव्य गोष्ठी आयोजित

# संवेदनशील होकर चिंतन युक्त शाश्वत साहित्य की रचना करना साहित्यकार का दायित्व

समाज की चुनौतियों पर विचार करते हुए अपनी जड़ों से जुड़ने और समसरता पूर्ण राष्ट्रबोध पर आधारित लेखन का आह्वान किया।


रेवाड़ी। विचार व काव्य गोष्ठी में मौजूद साहित्यकार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा के महामंत्री डा. मनोज भारत ने कहा कि हर साहित्यकार का दायित्व है कि वह संवेदनशील होकर चिंतन युक्त शाश्वत साहित्य की रचना करें। वह परिषद् की जिला इकाई के तत्वावधान में आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर आयोजित विचार व काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाज की चुनौतियों पर विचार करते हुए अपनी जड़ों से जुड़ने और समसरता पूर्ण राष्ट्रबोध पर आधारित लेखन का आह्वान किया। मुख्य वक्ता व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रमेशचंद्र शर्मा को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिषद् महामंत्री गोपाल वशिष्ठ ने किया। गोष्ठी में राष्ट्रीय भावना को मूल में रखते हुए आत्मावलोकन करने और विश्व पटल पर अपनी उपयोगिता पर चर्चा हुई तथा राष्ट्र को नमन करते हुए सामाजिक विसंगतियों पर भी करारा प्रहार किया गया। इंटेक चेप्टर के प्रधान सुधीर भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी की शुरूआत विवेकानंद केंद्र के महेश शर्मा ने महात्मा तुलसी की कवितावली के काव्यात्मक प्रसंग से की। वरिष्ठ कवयित्री दर्शना शर्मा ने रण में करे कमाल हिंद देश के सपूत, गोपाल वशिष्ठ ने सैनिक की पीड़ा कही-तिरंगा धरम है, तिरंगा करम, तिरंगे की खातिर लिया ये जनम। तिरंगे ने जब पुकारा हमें, तिरंगे में लिपटे ही घर आए हैं। अहमना भारद्वाज ने आज की जैनरेशन, है नैशन पर भारी। देशभक्ति लगती पुस्तक में प्यारी। युवा कवि राजेश भुलक्कड़ ने यारों मुझको वो इंसान बुरा लगता है, जिसको मेरा हिंदुस्तान बुरा लगता है। एडवोकेट रणजीत सिंह ने सिद्ध धर्म और साध्य धर्म को आत्म शुद्धि का मार्ग बताया। तेजभान कुकरेजा ने भारत की माटी को चंदन बता तिलक लगाने की बात कही। कवयित्री डा. कविता ने मानवता पर हावी होते स्वार्थ पर चिंता जताई।साहित्य परिषद्, बाबू बालमुकुंद साहित्य संरक्षण परिषद एवं मित्रम संस्था की ओर से प्रो. रमेशचंद्र शर्मा एवं डा. मनोज भारत को सम्मानित किया गया। परिषद् अध्यक्षा श्रुति शर्मा ने सभी का आभार जताया। इस मौके वीणा शर्मा, बाबू बालमुकुंद परिषद् के अध्यक्ष ऋषि सिंहल, रघुवीर सांभरिया, प्रभाती लाल, नरेश चौहान व मंजुल शर्मा सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

#### साहित्यकार निरपेक्ष नहीं होता

मुख्य वक्ता डा. भारत ने कहा कि साहित्यकार कभी समाज से निरपेक्ष नहीं होता। उसे तुलसी, कबीर, मीराबाई व गुरू नानक की तरहशब्द की साधना करके राष्ट्रीय चेतना को जगाना है। सनातनी साहित्य शाश्वत है, किंतु विभाजनकारी ताकतों ने भ्रांतियां फैलाकर राष्ट्रीय भावना को खंडित ही नहीं किया, अपितु हमें अपनी जड़ों से अलग करने का कार्य भी किया है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार और कुटुंब व्यवस्था हमारी जड़ें हैं। आज कट्टर इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, वैश्विक दबाव में चलता छद्म बाजारवाद हमारी जड़ों को हिला रहा है। हमें अपने चिंतन को नियंत्रित कर सार्थक एवं राष्ट्रवाद से प्रेरित साहित्य की रचना करके आत्मबोध से विश्वबोध तक की यात्रा करनी है। सुधीर भार्गव ने कहा कि आत्मबोध से विश्वबोध नई सोच का प्रतीक है। भारत देश सांस्कृतिक रूप से समृद्ध रहा है, जिसके प्रमाण उपनिषदें में मिलते हैं। विभिन्न देशों के सांस्कृतिक प्रतीकों में उपनिषदों की झलक देखी जा सकती है। हमें अपने गौरवशाली अतीत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। काव्य गोष्ठी में सामाजिक विसंगतियों पर चोट की गई, वहीं शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रवाद की भावना को मुखरित किया गया। सत्यवीर नाहड़िया ने लूटपाट अन्याय से, भरा पड़ा परिवेश, उनके सपनों का कहां, बना सके हम देश सुनाकर शहीदों को नमन किया।

---


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में जीवन विज्ञान संकाय की ओर से एक्सटेंशन लेक्चर सीरीज के अंतर्गत आणविक जीव विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. रविंदर सिंह एसोसिएट प्रोफेसर,आणविक, सेलुलर और विकासात्मक जीव विज्ञान कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय यूएसए थे। अधिष्ठाता जीवन संकाय विभाग प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी ने मुख्य वक्ता को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता डा. सिंह ने आणविक जीवविज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी में करियर के अवसर एवं नवीनतम विकास पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने पोस्ट-ट्रांसक्रिप्शनल जीन विनियमन, आणविक अनुसंधान, जैव रसायन एवं आनुवंशिक अध्ययन के नवीनतम दृष्टिकोणों पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने कहा कि इस तरह के शोध कार्यों एवं विज्ञान पद्धति पर आधारित व्याख्यान होते रहने चाहिए ताकि विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को नई तकनीकी चीजों से निरंतर सीखने को मिलता रहे। प्रोफेसर पंकज त्यागी ने कहा कि यह व्याख्यान शोध एवं नवीन अनुसंधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम खोलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर आनंद सागर, डा. सुमन नागपाल व डा. रमेश कुमार सहित सभी विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित थे।

---

# गांवों की नई मतदाता सूची तैयार करने के लिए ईआरओ नियुक्त, 13 मई को प्रकाशित होगी

- डीसी ने बताया कि 18 अप्रैल तक सभी मतदाताओं से वोटर लिस्ट को लेकर दावे व आपत्तियां आमंत्रित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


डीसी अभिषेक मीणा।

पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव को लेकर नई संशोधित मतदाता सूचियां तैयार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने जिले के सभी सात खंडों में निर्वाचक पंजीयक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। इन अधिकारियों की देखरेख में प्रत्येक गांव की नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। डीसी मीणा ने रेवाड़ी ब्लॉक में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, बावल में एसडीम बावल उदय सिंह, नाहड़ में एसडीएम कोसली विजय कुमार यादव, धारूहेड़ा में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कुमार, खोल में सीटीएम प्रीति रावत, डहीना में जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल तथा जाटूसाना में जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित चौहान को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी लगाया है। डीसी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 मार्च से 5 अप्रैल तक विधानसभा की वर्तमान वोटर लिस्ट को प्रत्येक गांव के वार्ड अनुसार भिजवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 11 अप्रैल को वार्ड अनुसार हर गांव की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट बूथ पर भिजवा दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि 18 अप्रैल तक सभी मतदाताओं से वोटर लिस्ट को लेकर दावे व आपत्तियां आमंत्रित किए जाएंगे। जो युवा 18 साल की आयु पार कर चुके हैं, वे भी अपना नया वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी को 22 अप्रैल तक इन सभी दावे एवं आपत्तियों का निपटारा करना होगा।

कोई मतदाता यदि अपने खंड के निर्वाचक पंजीयक अधिकारी के फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह 25 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है।

उपायुक्त कार्यालय की ओर से 6 मई तक सभी अपील का निर्णय सुना कर उनका निपटान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 मई को प्रत्येक खंड के गांव की संशोधित मतदाता सूची प्रकाशित कर दी जाएगी।

---

**एसडीएम ने समिति की ली बैठक**

## समरसता की भावना से समाज प्रगति की दिशा में आगे बढ़ सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली


रेवाड़ी। समिति की बैठक में संबोधित करते हुए एसडीएम विजय कुमार यादव।

एसडीएम विजय कुमार यादव ने कहा कि समाज में समरसता की भावना से समाज प्रगति की दिशा में आगे बढ़ सकता है। एसडीएम सोमवार को अपने कार्यालय में उपमंडल स्तरीय एससी उत्पीड़न निवारण निगरानी एवं सतर्कता समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वर्ग के साथ कोई भी गंभीर अपराध हो जाए तो हरियाणा सरकार द्वारा पीड़ति को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाती है। अनुसूचित वर्ग से पीड़ति व्यक्ति इस संदर्भ में सीधे एसडीएम से भी मिल सकते हैं। बैठक में मौजूद डीएसपी विद्यानंद ने बताया कि इस प्रकार का कोई मामला उपमंडल के थानों में विचाराधीन नहीं है। पहले से विचाराधीन मुकद्दमों में जिला न्यायवादी द्वारा कोर्ट में पैरवी की जा रही है। तहसील कल्याण अधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि पीड़तिों को इस प्रकार के मामलों में आर्थिक सहायता मुहैया कराई जाती है। बैठक में बीडीपीओ अनिल कुमार, पंचायत समिति सदस्य नीलम झोलरी, पूर्व सरपंच सरिता व समुंद्र सिंह मौजूद थे

---

## वर्ल्ड टीबी-डे पर कार्यक्रमों का आयोजन लोगों को बीमारी के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को जिले की सभी पीएचसी और सीएचसी में विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया। जिले की 5 क्षय रोग यूनिट खोल, रेवाड़ी, बावल और मीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर क्षय रोग के लक्षण एवं इससे बचाव और उपचार बताए गए। नेहरू युवा केंद्र की ओर से विश्व क्षय रोग दिवस पर राजकीय बाल कॉलेज में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षयरोग के अभी तक 4200 मरीजों को चिन्हित करके उनको इलाज दिया जा रहा है।

जिला मुख्यालय पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएमओ डा. दीपक वर्मा ने सभी एसटीएस और एसटीएसएस से कहा कि वे अपनी क्षय रोग यूनिट पर क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरूक करें। इस मौके पर डीडीपीएमसी विनीता भी मौजूद रहीं। उन्होंने क्षय रोग के कारण और निदान के लिए सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौ दिनों का क्षय शिविर गत दिसंबर माह से शुरू हुआ था, वह आज समाप्त हो गया। उन्होंने बताया कि हम मरीजों की स्क्रीनिंग करा चुके है और घर द्वार पर जाकर हंडिड एक्सरे कराए गए है

---

## सफाई व्यवस्था में सुधार करें नप अधिकारी: डीसी

- समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को समाधान शिविर में आम नागरिकों की शिकायतों का निवारण करते हुए डीसी अभिषेक मीणा ने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए है। डीसी ने कहा कि गलियों में कहीं भी कूड़े के ढेर दिखाई नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के निवासी भी इधर-उधर कूड़ा-कचरा डालने की बजाय अपने आसपास रखे हुए डस्टबिन का प्रयोग करें। डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना और विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी अनुपमा अंजली, सीटीएम प्रीति रावत व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। शहर निवासी प्रीतम लाल ने बताया कि वह अविवाहित है और उसकी आयु 50 वर्ष से अधिक हो चुकी है, लेकिन स्कीम में नाम आने के बावजूद उसे हरियाणा सरकार की पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। इस पर डीसी ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही प्रीतम लाल की पेंशन शुरू कराई। शिविर में गांव जलियावास के मुख्य रास्तों पर अवैध कब्जे किए जाने की शिकायत सामने आई। डीसी ने डीडीपीओ को मामले में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने शहर की अंबेडकर कॉलोनी में गलियों का पुनर्निर्माण कराने तथा जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने के भी निर्देश दिए। अधिकारी कार्यक्षेत्र में स्वच्छ वातावरण को कायम रखने की ओर विशेष ध्यान दें।

---

**दिक्कत** | उत्तर रेलवे पर दिल्ली मंडल के पातली स्टेशन पर साइडिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा

**गाड़ी संख्या 54411 नई दिल्ली से संचालित होगी**

# दिल्ली मंडल के पातली स्टेशन पर साइडिंग कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित,11 ट्रेनें रहेंगी रद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती ट्रेन।

उत्तर रेलवे पर दिल्ली मंडल के पातली स्टेशन पर साइडिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं रद, आंशिक रद, मार्ग परिवर्तित व रेगुलेट रहेंगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14662, जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 27 मार्च को जम्मूतवी से अपने निर्धारित समय से 5 घंटे देरी से 28 मार्च को 3:25 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20914 दिल्ली सराय-राजकोट रेलसेवा 28 मार्च को दिल्ली सराय से अपने निर्धारित समय से 3 घंटे 5 मिनट देरी से शाम 4:25 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12916 दिल्ली-अहमदाबाद रेलसेवा 28 मार्च को दिल्ली से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे देरी सं शाम 3:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी रेलसेवा 28 मार्च को बाड़मेर से अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 40 मिनट देरी से 2 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20963 साबरमती-वाराणसी रेलसेवा 27 मार्च को साबरमती से अपने निर्धारित समय से 4 घंटे की देरी से 28 मार्च को 2:55 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 54413 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा 28 मार्च को दिल्ली से प्रस्थान करके दिल्ली सराय-गढी हरसरू के बीच 40 मिनट रेगूलेट रहेगी।

#### रद व रेगुलेट रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14030 मेरठ छावनी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 28 मार्च को मेरठ सिटी से प्रस्थान करके नई दिल्ली तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14029 श्रीगंगानगर-दिल्ली एक्सप्रेस 28 मार्च को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके रेवाड़ी तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 54411 रेवाड़ी-मेरठ छावनी एक्सप्रेस 28 मार्च रेवाड़ी के स्थान पर नई दिल्ली से संचालित होगी।

#### प्रारम्भिक स्टेशन से रद रेल सेवाएं

गाड़ी संख्या 54085 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा 28 मार्च को रद रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 54086 रेवाड़ी-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54421 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 74003 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 74002 रेवाड़ी-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54417 दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54309 दिल्ली-हिसार रेलसेवा, गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा तथा गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 28 मार्च को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 29 मार्च को रद रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 12259 सियालदाह-बीकानेर एक्सप्रेस 27 मार्च को सियालदाह से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-रोहतक-भिवानी बाइपास-हिसार-सादुलपुर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज एक्सप्रेस 28 मार्च को बरेली से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली-शकूरबस्ती-अस्थल बोहर-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20487 बाड़मेर-दिल्ली एक्सप्रेस रेलसेवा 27 मार्च को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अस्थल बोहर-शकूरबस्ती-दिल्ली होकर संचालित होगी।

---

### अच्छे विचारों से ही समाज व राष्ट्र को बदलने की क्षमता उत्पन्न कर सकते: कांता

**रेवाड़ी।** आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज के कोनसीवास के राजकीय स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं को पतंजलि योगपीठ की राज्य प्रमुख कांता देवी ने योगाभ्यास कराया तथा योग एवं प्राणायाम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का मनुष्य जीवन में विशेष महत्व होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है और अच्छे विचारों से ही हम समाज व राष्ट्र को बदलने की क्षमता उत्पन्न कर सकते हैं। शिविर के दूसरे सत्र में दुर्गा शक्ति एप की इंचार्ज मनीषा एवं महिला हेल्पलाइन इंचार्ज सुनीता ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर सूचना देनी चाहिए, जिससे अपराध होने से रोका जा सकता है। इसी प्रकार डायल-112 नंबर पर कॉल करने से किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य डा. दलवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में चल रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को अपने सामाजिक कर्तव्य के प्रति जागरूक करना तथा अपने प्रयासों से समाज में परिवर्तन लाने की कोशिश करना है। प्राचार्य ने कहा कि छात्राएं सजग व जागरूक रहकर साइबर क्राइम की समस्या से निजात पा सकती है।

**सरपंच ग्राम पंचायत श्री केशव नगर**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत श्री केशव नगर (बहोतवास भौदू) खण्ड जाटूसाना में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान किया जाना है। उक्त कार्य करने को इच्छुक फर्म अपनी कार्य कुटेशन सरपंच के पास 08.04.2025 तक जमा करवा सकती है। प्राप्त कुटेशन का अवलोकन ग्राम स्तरीय कमेटी व पंचायत की मौजूदगी में दिनांक 11.04.2025 को किया जाएगा।
**नोट : दिनांक 08.04.2025 के बाद किसी भी प्रकार की कुटेशन मान्य नहीं होगी।**
हस्ता/- कर्मबीर, सरपंच, ग्राम पंचायत श्री केशव नगर
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 8053681477

## खबर संक्षेप

### हमला करने के मामले में काबू किए दो आरोपी

**धारूहेड़ा।** गत 21 फरवरी को धारूहेड़ा में एक व्यक्ति पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गुरूग्राम के महानियावास निवासी पुष्पेंद्र व सुशांत को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### संदिग्ध हालत में महिला ने फांसी लगाई

**जाटूसाना।** मूसेपुर गांव में एक महिला ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार गांव निवासी साहिल की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पता चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। इसके बाद पुलिस ने नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

### मारपीट करने के मामले में आरोपी महिला काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने ढाणी शोभा में गत वर्ष मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने झगड़े में घायल के बयान पर गत वर्ष 20 दिसंबर को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने ढाणी शोभा निवासी अनिता को काबू कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मंदिर से घंटी चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** शहर क्षेत्र में मंदिर से घंटी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने मोहल्ला सलामपुरा के हनुमान मंदिर से पीतल की घंटी चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपित भाई हैं और शहीर के ही रहने वाले हैं।

---

एसपी डा. मयंक गुप्ता ने परेड का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# लगन व ईमानदारी से पीड़ित को तत्पर न्याय दिलाने में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें पुलिस कर्मचारी

दस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय कार्य करने पर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सोमवार को दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन में जवानों की परेड का आयोजन किया गया। जिला पुलिस कप्तान डा. मयंक गुप्ता ने परेड की सलामी ली। परेड के बाद एसपी ने जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जवानों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ भी लगाई। इस अवसर पर डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद व डीएसपी ट्रैफिक विनोद शंकर सहित सभी पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। परेड में जिले के सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्ज सहित पुलिस कार्यालय में तैनात जवानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसपी डा. गुप्ता ने डायल 112, पीसीआर व राइडर सहित सभी वाहनों का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय काम करने वाले 10 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र व इनाम देकर भी सम्मानित किया।





रेवाड़ी। सम्मानित हुए अधिकारी व कर्मचारी एसपी डा. मयंक गुप्ता के साथ। परेड के दौरान जवानों को निर्देश देते एसपी डा. मयंक गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

## सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारी

एसपी ने सराहनीय काम करने वाले 10 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह व एसआई जितेन्द्र कुमार को गांव नांगल तेजू निवासी एक युवक की हत्या की गुत्थी को सुलझाने पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। थाना शहर में तैनात सिपाही तिलकराज व होमगार्ड विक्रम सिंह को राजस्थान के थाना सदर अलवर क्षेत्र से चोरी की गई एक बाइक के साथ आरोपी को काबू करने पर, थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा की राइडर नंबर-21 पर तैनात सिपाही तिलकराज व एसपीओ देवेन्द्र को मोबाइल स्नेचिंग के मामले में आरोपी को काबू करने पर, थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा की राइडर नंबर-20 पर तैनात सिपाही सचिन व एसपीओ अजीत को चोरी की बाइक सहित आरोपी को काबू करने पर, थाना खोल में तैनात एसपीओ तेजबीर को नांगल मूंदी बस स्टैंड से ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू करने पर तथा साइबर सैल में तैनात सिपाही रोहित कुमार को थाना धारूहेड़ा व मॉडल टाऊन में दर्ज पशु व वाहन चोरी के अलग-अलग मामलों में आरोपियों को काबू करने में अहम भूमिका निभाने पर प्रशंसा पत्र व नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया।

## असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखें: एसपी

एसपी डा. मयंक गुप्ता ने ईआरवी पर तैनात कर्मचारियों को अपने-अपने इलाकों में ज्यादा से ज्यादा गश्त व पेट्रोलिंग करने तथा सूचना मिलने पर जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सभी अपने थाने व चौकी के साथ तालमेल बनाकर रखें ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सकें। आमजन से सम्मानजनक व्यवहार करें तथा शिकायतों को गंभीरता से सुनें। सभी कर्मचारी लगन व ईमानदारी से पीड़ित को तत्पर न्याय दिलाने में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करे। एसपी ने कहा कि सभी ईआरवी, पीसीआर व राइडर पर तैनात कर्मचारी यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करें। दुश्चरित्र, असामाजिक व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखे। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों तथा रात्रि के समय डीजे बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वालों व हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि अपराध तथा अपराधियों से सख्ती से निपटे। अच्छा कार्य करने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा और लापरवाही करने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा, सभी कर्मचारी जीरो टॉलरेंस पर नेक नियति व ईमानदारी से काम करें।

---

## राजकीय विद्यालय लुखी के शिक्षकों ने चलाया नामांकन अभियान



रेवाड़ी। गुर्जरवास स्कूल के विद्यार्थी नितिन कुमार को सम्मानित करते हुए।

**नाहड़।** शहीद धर्मसिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी की ओर से सोमवार को गांव गुर्जरवास में नामांकन अभियान चलाया गया। विद्यालय की प्राचार्या उमा यादव के नेतृत्व में शिक्षकों की टीम ने अन्यत्र पढ़ रहे विद्यार्थियों के घर घर जाकर सम्पर्क किया तथा उन्हें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। संकुल प्रभारी एवं प्राचार्या ने गुर्जरवास स्कूल के विद्यार्थी नितिन कुमार को नेशनल मीन्ज कम मेरीट स्कॉलरशिप की परीक्षा पास करने पर सम्मानित किया। उन्होंने राजकीय माध्यमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापक बाबूलाल यादव के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी में कला संकाय के साथ साथ अब विज्ञान संकाय की पढ़ाई भी कराई जा रही है। विद्यालय में उच्च कोटी के बेहद समृद्ध एवं अनुभवी शिक्षकों की टीम उपलब्ध है। उन्होंने अभिभावकों को सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर लुखी स्कूल से वरिष्ठ प्रवक्ता श्रीभगवान बव्वा, अंजू यादव, डीपीई उमेद सिंह तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय गुर्जरवास से सुरेश सैन, राकेश कुमार, संजय कुमार डीपीई, संदीप कुमार, कृष्ण कुमार एवं शीशपाल मौजूद थे।

---

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

## जांगिड़ समाज ने लेफ्टिनेंट बने साहिल व अंकुश का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जांगिड़ भवन में जांगिड़ ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद जांगिड़ की अध्यक्षता में प्रतिभा सम्मान व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्याम नगर से साहिल जांगिड़ एवं मुरलीपुर से अंकुश जांगिड को लेफ्टिनेंट के पद पर चयन होने पर फूलमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष ने दोनों प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साहिल व अंकुश जांगिड़ ने सेना में उच्च पद हासिल कर समाज व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर जांगिड़ ब्राह्मण सभा के नव चयनित ब्लॉक अध्यक्ष रेवाड़ी ग्रामीण ब्लॉक से अशोक कुमार जांगिड़, खोल ब्लॉक से कृष्ण कुमार जांगिड़ व बावल ग्रामीण ब्लॉक से सूबे सिंह जांगिड़ को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला अध्यक्ष ने नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षों से समाज हित में कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मुकेश जांगड़ा सहित जांगिड़ समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



रेवाड़ी। साहिल व अंकुश का सम्मान करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

---

## मास्टर्स पुरुष में विनोद व विमेन में आशा बनी विजेता

द्वितीय जिला पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार को जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से द्वितीय जिला पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एशियन बॉडी बिल्डिंग एवं फिसीक स्पोर्टस फैडरेशन के महानिदेशक तथा जिम एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अमित स्वामी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया गौरव कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रुप में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता मसल्स एमओ की ओर से प्रायोजित की गई। इस अवसर पर जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष किरणदीप सिंह, उपाध्यक्ष संजय पहलवान, सचिव यशपाल सिंह व पदाधिकारी निकेश सतराज सहित अनेक लोग उपस्थित थे।





रेवाड़ी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे प्रतियोगिता के विजेता :** सब जूनियर गर्ल्स 63 किलोग्राम में नंदिनी, सीनियर गर्ल्स 63 किलोग्राम में रश्मि, सीनियर गर्ल्स 84 किलोग्राम में शिवानी, मास्टर्स विमेन 84 किलोग्राम में आशा यादव, मास्टर्स पुरुष 83 किलोग्राम में विनोद कुमार, सीनियर पुरुष 74 किलोग्राम में ललित कुमार, सीनियर पुरुष 83 किलोग्राम में हिमांशु, सीनियर पुरुष 93 किलोग्राम में नवीन, सीनियर पुरुष 105 किलोग्राम में प्रद्युम्न, जूनियर पुरुष 53 किलोग्राम में कपिल, जूनियर पुरुष 59 किलोग्राम में विकास, जूनियर पुरुष 66 किलोग्राम में मंदीप, जूनियर पुरुष 74 किलोग्राम में दुष्यंत, जूनियर पुरुष 83 किलोग्राम में जतिन, जूनियर पुरुष 105 किलोग्राम में देवेन्द्र, स्ट्रांग विमेन सब जूनियर में नंदिनी, स्ट्रांग विमेन सीनियर में रश्मि, स्ट्रांग विमेन मास्टर्स में आशा यादव, स्ट्रांग मैन सब जूनियर में माइकल, स्ट्रांग मैन जूनियर में दुष्यंत, स्ट्रांग मैन सीनियर में प्रद्युम्न तथा स्ट्रांग मैन मास्टर्स में विनोद कुमार ने जीत हासिल की।

---

# चार प्रगतिशील किसानों को स्टेट व दो को मिला डिस्ट्रिक्ट लेवल अवार्ड

- करनाल के घरौंडा कस्बे में संपन्न हुए 11वें मेगा सब्जी एक्सपो में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, लक्की ड्रा से एक किसान को ईनाम मिला मिनी ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल के घरौंडा कस्बे में संपन्न हुए 11वें मेगा सब्जी एक्सपो में रेवाड़ी जिले के चार प्रगतिशील किसानों को स्टेट अवार्ड तथा दो किसानों को डिस्ट्रिक्ट लेवल अवार्ड देकर सम्मानित किया है। इन किसानों को सम्मान मिलने से जिले के अन्य किसानों को भी परंपरा से हट कर कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। जिला बागवानी अधिकारी मंदीप यादव ने बताया कि 21 से 23 मार्च तक घरौंडा में आयोजित हुए 11वें मेगा सब्जी एक्सपो में प्रगतिशील किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। एक्सपो में रेवाड़ी जिले के 6 किसान शामिल थे। कुल 11 राज्य स्तरीय पुरस्कारों में से चार पुरस्कार रेवाड़ी जिले को दिए गए, जिसमें धारूहेड़ा के संजय यादव को प्राकृतिक खेती का प्रथम पुरस्कार, गांव आलमगीरपुर निवासी रितिक यादव को मशरूम उत्पादन का द्वितीय पुरस्कार, गांव गोपालपुर गाजी की राजबाला को मधुमक्खी पालन व शहद पैकिंग में प्रथम पुरस्कार तथा खुशी एग्रो बावल को आंवला प्रसंस्करण के लिए द्वितीय पुरस्कार दिया गया। मंदीप यादव ने बताया कि डहीना खंड के गांव धवाना निवासी मामचंद को सब्जी की पैदावार के लिए जिला स्तरीय प्रथम पुरस्कार तथा गांवा कोलाना निवासी बिरेंद्र को सब्जी उत्पादन में जिला स्तर पर द्वितीय पुरस्कार दिया गया है। सब्जी मेले में लक्की ड्रा से निकाले गए ईनाम में रेवाड़ी जिले के गांव नंदरामपुर बास निवासी सूबे सिंह को मिनी ट्रैक्टर मिला है। बागवानी विभाग रेवाड़ी कार्यालय के उद्यान विकास अधिकारी रूप सिंह को उत्कृष्ट अधिकारी का पुरस्कार दिया गया। जिला बागवानी अधिकारी ने बताया कि जिले में सब्जियां, फल व औषधीय पौधों की ओर किसानों का रुझान बढ़ता जा रहा है और जिले के किसानों से इनसे भी ज्यादा कृषि पुरस्कार जीतने की उम्मीद है।







रेवाड़ी। सब्जी मेले में मिले मिनी ट्रैक्टर के साथ किसान सूबे सिंह और मेले में पुरस्कार लेते अधिकारी।

---

## डाकघर शाखा का हुआ उद्घाटन



रेवाड़ी। डाकघर शाखा का उद्घाटन करते अधिकारी।

**नाहड़।** गांव खेड़ी रामगढ़ में नेहरूगढ़ उप डाकघर के अधीन डाकघर शाखा की स्थापना की गई। कार्यालय का उद्घाटन प्रवर अधीक्षक डाकघर गुरुग्राम सुमित गट व आकाशदीप चक्रवर्ती पोस्ट मास्टर जनरल गुरुग्राम ने किया। पोस्ट मास्टर जनरल ने ग्राम वासियों को पोस्ट ऑफिस में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर सरपंच अभय सिंह, ग्राम पंचायत खेड़ी रामगढ़, आशीष प्रजापति सरपंच ग्राम पंचायत नेहरूगढ, ओमप्रकाश सरपंच नांगल भगवानपुर, गोविंद सिंह नेहरूगढ व गोपीचंद बव्वा सहित पंच व इलाके के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

रोडवेज को लाखों का नुकसान हो रहा

## रेवाड़ी-फरुखनगर वाया पटोदी मार्ग की समय सारणी लागू करने की मांग



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित तालमेल कमेटी के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** हरियाणा रोडवेज तालमेल कमेटी की बैठक सोमवार को डिपो कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें रोडवेज पदाधिकारियों ने आरटीए में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आरटीए के साथ रूट रेवाड़ी-फरुखनगर वाया पटौदी मार्ग पर 20 मार्च को सहमती बन गई थी, परंतु सहमति के बाद भी अभी तक आरटीए ने समय सारणी को अब तक लागू नहीं किया है, जिस समय सारणी में रोडवेज बस व प्राइवेट बस को बराबर का समय दिया गया है। एक प्राइवेट मालिक की ओर से आरटीए से मिली भगत करके समय सारणी को रुकवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-झुंझुनू वाया रेवाड़ी राजस्थान परमिट बस की 1 दिन में केवल 1 ही ट्रिप है, परन्तु बस दिन में दो-दो ट्रिप लग रही है। इन पर कोई रोक-टोक नहीं है। रेवाड़ी से मानेसर रूट की प्राइवेट बस मानेसर जाने की बजाय केवल धारूहेड़ा तक जा रही है और बस स्टैंड के बाहर से अवैध बसें चल रही है, जिससे रोडवेज को लाखों का नुकसान हो रहा है।

तालमेल कमेटी ने अव्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आरटीए रेवाड़ी-फरुखनगर वाया पटोदी मार्ग की समय सारणी को तुरंत लागू करें, अन्यथा रोडवेज तालमेल कमेटी रेवाड़ी डिपो को बंद करके विरोध प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर प्रधान राजपाल यादव, प्रधान प्रवीण यादव, प्रधान शवि यादव, प्रधान संजय यादव, प्रधान उधम सिंह, विनय कुमार व रामकिशन सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

---

कार्यक्रम — आईजीयू में योग विषय पर साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

मुख्य वक्ता ने मर्म चिकित्सा के महत्व को समझाया

# मनुष्य का पहला धर्म निरोगी काया को प्राप्त करना : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में योग विभाग की ओर से साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा से सहायक प्राध्यापक डा. अजयपाल थे। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले एवं योग विभागाध्यक्ष व कार्यशाला की निर्देशिका प्रोफेसर मंजू परूथी ने मुख्य वक्ता एवं सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने मर्म चिकित्सा के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि मर्म शरीर में स्थित 107 ऊर्जा केंद्र होते हैं, जिन पर आघात से मृत्यु तक की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इन ऊर्जा केंद्रों को सही तरीके से संचालित किया जाना स्वास्थ्य समस्याओं का तत्काल निवारण करने में सहायक होता है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से मर्म केंद्रों की पहचान और उनके प्रभाव को समझाया तथा प्रतिभागियों को इसका अभ्यास कराया।

कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव ने कार्यशाला के आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का पहला धर्म निरोगी काया को प्राप्त करना है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक संतुलन को भी बेहतर बनाने में सहायक है। आज के इस तेजी से विकसित होते हुए आधुनिक युग में जहां तकनीकी प्रगति ने मनुष्य को भौतिक रूप से तो समृद्ध किया है, वहीं दूसरी ओर हम अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों से दूर हो गए हैं। इस कारण शारीरिक और मानसिक समस्याओं में वृद्धि हो रही है। योग ही वह मार्ग है जो हमें जीवन जीने की कला सिखाता है।



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**योग का महत्व आज के समय में बहुत बढ़ चुका**

*अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले एवं योग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मंजू परूथी ने कहा कि योग का महत्व आज के समय में बहुत बढ़ चुका है। यह कार्यशाला हमें योग के माध्यम से जीवन की एक नई दिशा दिखाने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेंगी। मुख्य वक्ता को योग विभाग द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डा. अमनदीप ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर एनपी गिरी, कार्यशाला कोऑर्डिनेटर डा. जयपाल सिंह राजपूत, डा. प्रदीप कुमार तथा योग शिक्षक अमित कुमार सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।*

---

सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

## आईएमए ने टीबी की रोकथाम, समय पर पहचान व उपचार के प्रति किया जागरूक



रेवाड़ी। लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करती आईएमए टीम। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जिला इकाई की ओर से सोमवार को विश्व क्षय रोग यानि टीबी दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अस्पताल में रोगी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को टीबी की रोकथाम, समय पर पहचान और उपचार के प्रति जागरूक करना था। मुख्य संरक्षक डा. नरेंद्र सिंह यादव और संरक्षक डा. पीसी सिंगला के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व टीबी विशेषज्ञ डा. पूजा अनेजा ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में आईएमए के अध्यक्ष डा. दीपक शर्मा, मानद सचिव डा. मनीष तनेजा, आयोजन सचिव डा. कृतिका पांडे और कोषाध्यक्ष डा. मनीष कुमार ने सहयोग दिया। इस मौके पर डा. पूजा अनेजा ने टीबी बीमारी की समय पर पहचान और निर्बाध उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जो निःशुल्क जांच और उपचार सेवाएं प्रदान करती हैं। उन्होंने टीबी से बचाव के लिए टीकाकरण, पोषण और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। डा. नरेंद्र सिंह यादव ने टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। डा. पीसी सिंगला ने जनस्वास्थ्य जागरूकता और सक्रिय चिकित्सा सेवा के प्रति आईएमए की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। चिकित्सा विशेषज्ञों ने उनकी शंकाओं का समाधान किया। सत्र में संदेश दिया गया कि समय पर उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकता है।